
बिग मैक्स और लापता जिराफ़ का रहस्य

किन प्लैट

चित्र लिन क्रेवेट



जब उसका पालतू जिराफ़, जेक, गायब हो गया, तो राजा पंचपिलो को पता था कि उन्हें किसे बुलाना है - प्रसिद्ध जासूस बिग मैक्स को! आह-आह-अचू के देश में. वहां बिग मैक्स को बहुत सारे रबर के पेड़, पिंग-पोंग खेलते हुए कुछ शेर और यहां तक कि गायब हो रहे जिराफ़ के निशान भी मिले...लेकिन जेक नहीं मिला.


क्या यह रहस्य इतना जटिल है कि दुनिया का सबसे बड़ा जासूस भी उसे सुलझा नहीं सकता?



बिग मैक्स और लापता जिराफ़ का रहस्य

किन प्लैट

चित्र लिन क्रेवेट







बिग मैक्स अपनी खिड़की से बाहर देख रहा था. "यह रहस्य सुलझाने के लिए एक अच्छा दिन है," उसने कहा.

तभी टेलीफोन बज उठा.

"हा!" बिग मैक्स ने कहा. "लगता है अब किसी को मेरी ज़रूरत है."

"क्या बिग मैक्स बोल रहे हैं, दुनिया के सबसे बड़ा जासूस?" एक आवाज़ ने कहा.

"मैं एक बढ़िया जासूस बनने की कोशिश जरूर कर रहा हूँ," बिग मैक्स ने कहा. "कृपया बताएं, आप कौन हैं?"





"मैं राजा पंचपिल्लो हूं. मैं आह-आह अचू में अपने महल से बोल रहा हूँ," आवाज़ ने कहा.

"क्या आपको सर्दी हुई है?" बिग मैक्स ने पूछा.

"नहीं," राजा ने कहा. "मैं बहुत सारे मूर्खतापूर्ण नामों से उलझा हुआ हूँ."

"समस्या क्या है?" बिग मैक्स ने पूछा.





"मेरा पालतू जिराफ़, जेक, गायब हो गया है," राजा ने कहा.

"क्या आप उसे ढूँढ़ सकते हैं?"

"मैं कुछ भी ढूँढ़ सकता हूँ" बिग मैक्स ने कहा.

"लेकिन, यह आह-आह अचू आखिर है कहाँ?"

"वह कुछ पेड़ों के पास है," राजा ने कहा.


"वह और किस चीज़ के पास है?" बिग मैक्स ने पूछा.

"यह स्नीज़ और गेसुंडहाइट के बीच में है,

रनीनोज़ के ठीक पीछे," राजा ने कहा.

"आप चिंता न करें," बिग मैक्स ने कहा.

"मैं तुरंत वहाँ पहुँच जाऊँगा."



"आप किस एयरलाइन से यात्रा करेंगे,"
राजा ने पूछा.

"अपनी खुदकी एयरलाइन से," बिग
मैक्स ने कहा. "मैं अपनी छतरी से
उड़ता हूँ."






बिग मैक्स ने अपनी छतरी में फूंक मारी.
छतरी हवा से भर गई.

"अब मेरी छतरी उड़ान भरने के लिए तैयार है," बिग मैक्स ने कहा.

फिर वह आकाश में उड़ गया.



बिग मैक्स समुद्र के ऊपर से उड़ा.

उसने एक बड़ी मछली को कूदते हुए देखा.

बिग मैक्स नीचे की ओर उड़ा.

"माफ करना," उसने कहा.

"क्या रनीनोज़ को ढूँढ़ना मुश्किल है?"

"मेरी जैसी व्हेल के लिए बिलकुल नहीं," मछली ने कहा.


व्हेल ने पानी की एक धार फूंकी.

वो धार बिग मैक्स के सिर से जाकर टकराई.

"देखा?" व्हेल ने कहा.

"यह काम मुश्किल नहीं है."





"धन्यवाद," बिग मैक्स ने कहा.

"यह एक अच्छी तरकीब है."

बिग मैक्स रेगिस्तान के ऊपर से उड़ा.

"मुझे ऊँट दिखाई दे रहे हैं," उसने कहा.

"लेकिन वहां कोई जिराफ़ नहीं दिखाई पड़ रहा है."

बिग मैक्स पेड़ों के ऊपर से उड़ा.

जल्द ही उसने एक बच्चा हिरण देखा.


"माफ़ करना," बिग मैक्स ने कहा.


"क्या स्नीज का यही रास्ता है?"

"माफ़ करना, मैं तुम्हारी मदद नहीं कर सकता,"
हिरण ने कहा.

"मैं अभी बहुत छोटा हूँ.

मुझे अभी छींकना यानि स्नीज करना नहीं आता है."





बिग मैक्स कुछ और पेड़ों के ऊपर से उड़ा.

"मुझे जल्दी ही उस जगह को ढूँढ़ना होगा," उसने कहा.

"क्योंकि मेरी हवा खत्म हो रही है."

फिर छाता और बिग मैक्स नीचे की ओर उड़े.

"लैंडिंग के लिए तैयार हो जाओ!" वो चिल्लाया.





बिग मैक्स एक पेड़ पर उतरा.

उसका गिरना बंद हो गया.

उसकी बजाय, वह उछलने लगा.

वह ऊपर-नीचे उछला.

"यह बड़े अजीब किस्म का पेड़ है,"

बिग मैक्स ने कहा.

बिग मैक्स ज़मीन पर गिर गया.

एक आदमी दौड़ता हुआ आया.

"क्या आप बिग मैक्स हैं?" उसने पूछा.

"मैं राजा पंचपिलो हूँ."

"यह एक अजीब किस्म का पेड़ है,"

बिग मैक्स ने कहा.

"वह आपको चारों ओर उछालता है."



"ऐसा ही होना चाहिए," राजा ने कहा.

"क्योंकि वह एक रबर का पेड़ है."

"हम्म!" बिग मैक्स ने कहा.

"रबर के पेड़ों के अंदर रबर की चीज़ें होती हैं.

उसमें वो सबकुछ है."

"बेशक," राजा ने कहा,

"यह हमारा खास किस्म का रबर का पेड़ है.

यह पेड़ सिर्फ़ आह-आह अचू में ही उगता है."



"हम्म!" बिग मैक्स ने कहा.

"यह काफी दिलचस्प है.


अब कृपया मुझे दिखाएँ कि आपने आखिरी बार अपने जिराफ़ जेक को कहाँ देखा."

"मुझे उम्मीद है कि आप उसे ढूँढ़ पाएँगे," राजा ने कहा.

"मैं हमेशा वह खोज पाता हूँ जिसकी मैं तलाश करता हूँ," बिग मैक्स ने कहा.

"मैं उसे ज़रूर ढूँढ़ लूँगा."





राजा, बिग मैक्स को अपने महल में ले गया.

अचानक हवा में आवाज़ें गूंजने लगीं.

तेज़ गर्जनाएँ होने लगीं.

जानवरों की तेज़ दहाड़ें सुनाई देने लगीं.

"ये तो जंगली जानवरों की आवाज़ें हैं?"

बिग मैक्स ने कहा.

राजा पंचपिल्लो मुस्कुराए.

"हाँ," उन्होंने कहा.

"लेकिन यहाँ के जानवर उतने जंगली नहीं हैं.

वे मेरे पालतू जानवर हैं."



"देखो?" राजा ने कहा.

"वे बस खेल खेल रहे हैं.

मैंने उन्हें खेलना सिखाया हैं."

"यह बड़ा अद्भुत है," बिग मैक्स ने कहा.

बिग मैक्स ने दो शेरों को पिंग-पोंग खेलते देखा.

बिग मैक्स ने दो कंगारूओं को टेनिस खेलते देखा.


उसने दो भालूओं को रोलर-स्केटिंग करते देखा.

"मैंने हर तरह के दो-दो जानवर देखे,"

बिग मैक्स ने कहा.

"आपके पास कितने जिराफ़ थे?"





"जेक, मेरा एकमात्र जिराफ़ था," राजा ने कहा.

"उसके पास खेलने के लिए और कोई नहीं था.

इसलिए मैंने उसके लिए एक जगह बनाई

जहाँ वह अकेले खेल सके."

"मुझे दिखाएं," बिग मैक्स ने कहा.


राजा बिग मैक्स को एक बड़े आँगन में ले गए.

अंदर एक बास्केटबॉल कोर्ट था.

"देखा?" राजा ने कहा.

"वह यहाँ अकेले ही बास्केट शूट कर सकता है."

"हम्म," बिग मैक्स ने कहा.





"जिराफ़ के हाथ नहीं होते," बिग मैक्स ने कहा.

"फिर जेक, बास्केट में बॉल कैसे शूट करता था?"

"अपने मुँह से," राजा ने कहा.

"वह बॉल को फूंक से उड़ा सकता था."

"अगर जेक चूक जाता तो फिर वो क्या करता था?" बिग मैक्स ने पूछा.

"फिर वह बहुत गुस्सा हो जाता था," राजा ने कहा.

"फिर वह क्या करता था?" बिग मैक्स ने पूछा.

"उसके बाद वह पत्थरों को लात मारता था," राजा ने कहा.




"आपने जेक को आखिरी बार कब देखा?"
बिग मैक्स ने पूछा.

"पिछले शुक्रवार की रात को," राजा ने कहा.

"हम टीवी पर एक फुटबॉल गेम देख रहे थे.

अगली सुबह, वह गायब हो गया."





बिग मैक्स ने ऊँची दीवारों की ओर देखा.

"हम्म!" उसने कहा.

"कोई जिराफ़ इतनी ऊँची छलांग नहीं लगा सकता."

उसने करीब से देखा.

"जिराफ़ दीवारों पर चढ़ भी नहीं सकते हैं," उसने कहा.

उसने गेट पर लगे ताले को देखा.

"क्या यह गेट बंद था?" बिग मैक्स ने पूछा,

"हाँ, और मेरे पास उसकी चाबी थी," राजा ने कहा.





"हम्म," बिग मैक्स ने कहा.

"लगता जेक ने गायब होने का

एक नया तरीका खोज निकाला है."

"शायद तुम इतने महान जासूस नहीं हो,"

राजा ने कहा.

"वो हम देखेंगे," बिग मैक्स ने कहा.

"देखना और सोचना," बिग मैक्स ने कहा.

"किसी रहस्य को सुलझाने का यही

सबसे बेहतरीन तरीका है."

"मुझे लगता है कि हम जेक को कभी

नहीं ढूँढ पाएँगे," राजा ने कहा.

"हम उसे ढूँढ लेंगे," बिग मैक्स ने ज़ोर देकर कहा.

"जिराफ़ बहुत बड़ा होता है.

उसके लिए छिपना बहुत मुश्किल होगा."



बिग मैक्स ने ऊपर देखा.

"ये दीवारें बहुत ऊँची हैं," उसने कहा.

"लेकिन जिराफ़ बहुत बातूनी होते हैं

और जिराफ़ की गर्दन लंबी होती है.


जेक दीवार के ऊपर से देख सकता था."

"हाँ, वह ऐसा कर सकता है," राजा ने कहा.

"लेकिन दीवार के बाहर देखने

के लिए कुछ भी नहीं था."

"दीवारों के बाहर क्या था?" बिग मैक्स ने पूछा.





"सिर्फ़ पेड़" राजा ने कहा.

"मेरे रबर के पेड़."

"हा!" बिग मैक्स ने कहा.

"मैं अब समझा कि जेक ने क्या किया होगा!

हमें उसे जल्दी-से-जल्दी ढूँढ़ना चाहिए!"



वे बाहर भागे.

वे ऊँची दीवारों के चारों ओर दौड़े.

वे पेड़ों के चारों ओर भागे.

"अगर हमें पता चल जाए कि जेक कहाँ गया है,"

बिग मैक्स ने कहा, "तो फिर हम यह भी

जान जाएँगे कि वह क्यों गया होगा."

"मैं समझ गया," राजा ने कहा.



"जिराफ़ के पैर बड़े होते हैं," बिग मैक्स ने कहा.

"इसलिए ये जेक के पैरों के निशान ही होने चाहिए."

"जेक के पैर बहुत बड़े थे," राजा ने कहा.

"इसलिए वह पत्थरों को लात मारने में उस्ताद था."



वे जेक के पदचिह्नों का अनुसरण करते रहे.

"अगर हमें पता चल जाए कि जेक कहाँ गया है,

तो हम जान जाएँगे कि वह क्यों गया होगा,"

बिग मैक्स ने कहा.

"जेक ने मुझसे अलविदा तक नहीं कहा,"

राजा ने कहा.

"शायद वह जल्दी में हो," बिग मैक्स ने कहा.




अचानक पैरों के निशान गायब हो गए.

अब वहां केवल घास थी.

"हम रास्ता भूल गए हैं," बिग मैक्स ने कहा.

"जेक, यह मज़ाक नहीं है," राजा चिल्लाया.



"रुको," बिग मैक्स ने कहा.

"उसका पीछा करने का एक और तरीका है.

जिराफ़ पेड़ों की चोटियों के पत्ते

खाना पसंद करते हैं.

इसलिए हमें ऊपर देखना चाहिए.

हमें पेड़ों की चोटियों पर कुतरे हुए पत्तों

का पीछा करना चाहिए."

"तुम सच में एक महान जासूस हो,"

राजा ने कहा.

"देखना और सोचना," बिग मैक्स ने कहा.

"यही किसी समस्या को सुलझाने का रहस्य है."

वे एक छोटी सी नदी के पास पहुँचे.

वे पानी के पार चले गए.

वे एक पहाड़ी पर चढ़े.

लेकिन वहां पर बिग मैक्स रुक गया.

"रुको!" उसने कहा.

"हम क्यों रुकें?" राजा ने पूछा.

"कुछ तो गड़बड़ है," बिग मैक्स ने कहा.





"यह एक अलग किस्म की पहाड़ी है," उसने कहा.

"यह पहाड़ी हिल रही है.

लेकिन पहाड़ियाँ हिलती नहीं हैं.

इसकी त्वचा मोटी है. इसके कान छोटे हैं.

इसके दाँत दरियाई घोड़े जैसे बड़े हैं.

इसका मुँह दरियाई घोड़े जैसा बड़ा है.

तो यह दरियाई घोड़ा ही होगा!"


"मुझे हमेशा से पता था कि मैं कौन हूँ,"


दरियाई घोड़े ने कहा.

"देखा? मैं सही था!" बिग मैक्स ने कहा.

"हम एक गुमशुदा जिराफ़ की तलाश कर रहे हैं," उसने कहा.

"क्या तुमने उसको देखा है?"





तभी बहुत तेज़ गर्जना की आवाज़ आई.

ज़मीन हिलने लगी.

पेड़ हिलने लगे.

बिग मैक्स और राजा भी हिल गए.

"लगता है भूकंप आया है," राजा चिल्लाया.

"हमें अपनी जान बचाने के लिए भागना चाहिए!"

"नहीं," दरियाई घोड़े ने कहा.

"लेकिन तुम अंदर जाकर खुद देख सकते हो?"

"नहीं, धन्यवाद," बिग मैक्स ने कहा.

"हम आपकी बात पर यकीन करेंगे."

वे जल्दी से चले गए.





"नहीं," बिग मैक्स ने कहा.

"यह कोई भूकंप नहीं है.

यह एक फुटबॉल का खेल है."

"एक फुटबॉल का खेल?" राजा ने पूछा.

उन्होंने पहाड़ी से नीचे देखा.

वहां चारों ओर जानवर थे.

वे जयकारे लगा रहे थे.


बीच में कई जिराफ थे.

वे एक फुटबॉल की गेंद को लात मार रहे थे.

"इनमें से कौन सा जेक है?" बिग मैक्स ने पूछा.

"मैं उसे देख सकता हूँ," राजा ने कहा.

"वह लाल धब्बों वाला है."





"एक और मामला सुलझ गया" बिग मैक्स ने कहा.

"अब हम जानते हैं कि जेक क्यों भागा.

जब उसने टीवी पर फुटबॉल का खेल देखा,

तो उसे अपनी पुरानी टीम

के साथ खेल की याद आई."

"कोई आश्चर्य नहीं कि वह हमेशा पैरों से पत्थर मारता रहता था," राजा ने कहा.

"इस तरह वह हमेशा फिट रहता था."



"अब मुझे पता चला कि जेक क्यों भाग गया," राजा ने कहा.

"लेकिन मैं यह जानना चाहता हूँ कि जेक कैसे भागा?"

"रबर पेड़ों की वजह से," बिग मैक्स ने कहा.

"आपके उन खास रबर के पेड़ों के कारण.

यही सुराग था."



किसी ने सीटी बजाई.

"मैच का पहला हाफ खत्म हो गया है,“


बिग मैक्स ने कहा.

"जेक जल्द ही यहाँ आएगा.

आप खुद उससे पूछ सकते हैं."

"नहीं तुम मुझे अभी बताओ" राजा ने कहा.

"मैं उतना इंतज़ार नहीं कर सकता."



बिग मैक्स ने एक जिराफ़ को

अपनी ओर आते हुए देखा.

उसके पूरे शरीर पर लाल धब्बे थे.

"जिराफ़ को पत्ते खाना पसंद होते है,"

बिग मैक्स ने कहा.

"जेक रबर के पेड़ के पत्तों को चबाने

के लिए दीवार के ऊपर झुका.

रबर खींचता है.

रबर पीछे की ओर ज़ोर से खींचता है.

यह एक रबर बैंड के खींचने जैसा है.

जेक ने पत्तियों को ऊपर खींचा.


पत्तियों ने जेक को नीचे की ओर खींचा.

जेक ने जितनी ज़ोर से खींचा,

पत्तियां उतनी ही ज़ोर से

उसे नीचे की ओर खींचा.


अंत में, जेक ने बहुत ज़ोर से खींचा.




पत्तियों और रबर की शाखाओं ने दुगुनी ज़ोर से

नीचे की ओर खींचा.

फिर उन्होंने जेक को दीवार के ऊपर खींच लिया."





"मैंने वो सुना कि तुमने क्या कहा,"

जेक ने कहा.

"हाँ, मैंने ऐसा ही किया.

यह पहली बार था जब मुझे रबर की पत्तियाँ पसंद आईं."

"मुझे खेद है, जेक," राजा ने कहा.

"मुझे नहीं पता था कि तुम्हें फुटबॉल

खेलना इतना पसंद था."

"फुटबॉल खेलना, पत्थर मारने से ज़्यादा

मज़ेदार होता है," जेक ने कहा.



राजा ने अपनी चेक बुक निकाली.

"क्या तुम जेक को खोजने के लिए एक दस

लाख अचू रुपए कैसे चाहोगे?" राजा ने कहा.

"अगर आपको कोई दिक्कत न हो,"

बिग मैक्स ने कहा,

"तो आप बाकी खेल के लिए


दो टिकट खरीद सकते हैं.

उन्होंने अभी पहला हाफ ही खेला है."

"मुझे उसमें कोई दिक्कत नहीं है," राजा ने कहा.

उन्होंने फुटबॉल का खेल देखा.

जेक की टीम 32 - 4 से जीती.





बिग मैक्स ने जेक और राजा से अलविदा कहा.

फिर उसने अपनी छतरी में फूंक मारी.

"अंत भला तो सब भला," उसने कहा.

और फिर बिग मैक्स - दुनिया का सबसे महान जासूस, उड़ गया.



अंत